## सार-समाचार

### युवा महोत्सव की जिम्मेदारी सौंपी

**नोहर,** (निसं)। राजस्थान युवा बोर्ड (युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार) ने जिला स्तर पर आयोजित होने वाले युवा महोत्सव के लिए नोहर निवासी सक्रिय युवा समाजसेवी राहुल व्यास को हनुमानगढ़ जिले का जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम से 8 अक्टूबर 2025 को जारी आदेश में उनकी नियुक्ति की पुष्टि की गई।राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के बिंदु संख्या 13 के अंतर्गत प्रदेशभर में जिला, संभाग और राज्य स्तर पर युवा महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक कला विधाओं को संरक्षित करना तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढावा देना है। राहुल व्यास अब जिले में इस महोत्सव की तैयारियों का समन्वय करेंगे। वे युवाओं को पंजीकरण के लिए प्रेरित करेंगे और शिक्षा विभाग व स्थानीय संगठनों के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य करेंगे।युवा महोत्सव में लोक नृत्य, लोक गायन, पारंपरिक कला प्रदर्शन, विज्ञान एवं नवाचार आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। राहुल व्यास की नियुक्ति से नोहर सहित जिले के युवाओं में उत्साह का माहौल है और यह उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में हनुमानगढ़ जिले का युवा महोत्सव उत्कृष्ट स्तर पर आयोजित होगा।

### खाद्य सामग्री का निरीक्षण कर सैंपल लिये

**नोहर,** (निसं)। दीपावली के त्यौहार के मध्यनजर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत यहां खाद्य सामग्री का निरीक्षण कर पाँच सैंपल संग्रहित किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने दीपावली पर्व के चलते खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले व्यवसाइयों को शुद्ध खाद्य सामग्री बनाने, बेचान करने एवं संस्थान पर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं आमजन को भी जागरुक रहकर गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री बिल सहित क्रय करने की अपील की है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि दीपावली त्यौहार के चलते बाजार में बड़ी मात्रा में दूध, मावा की मिठाइयां बनाकर विक्रय की जाती है। इसी के चलते आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण श्रीमती टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार जिले में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत नोहर में कई दुकानों की जांच कर सैम्पल संग्रहित किए गए। उन्होंने बताया कि नोहर में मैसर्स स्वामी स्वीट् हाउस से रसगुल्ला एंव मावा मैसर्स नवीन देषी घी भण्डार से घी (मदर बेस्ट ब्राण्ड) मैसर्स हरी स्वीट्स से मिल्क केक (मावा मिठाई) एंव बूंदी लड्डू (घी से निर्मित) के सैम्पल संग्रहित किए गए। निरीक्षण दल में एफएसओ रफीक मोहम्मद, एफएसओ सुदेश कुमार गर्ग, सहायक कर्मचारी हीरावल्लभ, गार्ड रणवीर शामिल रहे।

### कॉफी पर कन्वर्सेशन कार्यक्रम आयोजित

**सीकर** (निसं)। एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह के आरबीएसई कैम्पस में एक नवीन पहल देखने को मिली। बोर्ड विद्यार्थियों के साथ शैक्षिक सुधार व गुणवता पूर्ण शिक्षा देने के लिए परिणाम में आये उत्कृष्ट विद्यार्थियों के साथ संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने कॉफी के साथ विद्यार्थियों से उत्कृष्ट परिणाम में ओर सुधार व शिक्षण के दौरान आने वाली सूक्ष्म समस्याओं के निराकरण हेतु विद्यार्थियों के सुझाव लिये, एवम् उनके निराकरण हेतु आरबीएसई प्राचार्य डां. विजेन्द्र सिंह व बोर्ड कक्षाओं के इंचार्जो के साथ विस्तृत वार्ता की। निदेशक ने बताया कि आगामी आने वाले समय पर शिक्षण में सूक्ष्म सुधार करने से गुणवतापूर्ण शिक्षा दी जा सकती है। इस हेतु संस्थान संकल्पबद्ध है और नवीन तकनिकीयों के माध्यम से डिजीटल बोर्ड, ए आई का प्रयोग अतिआवश्यक हो गया है। जिसके लिए विद्यार्थी एवं शिक्षक दोनों को अपडेट होने की जरूरत है। जिससे कि परिणामों में धनात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। परिचर्चा के दौरान सभी उत्कृष्ट विद्यार्थियों ने अपनी समस्याओं व सुझावों से निदेशक को अवगत करवाया व कॉफी के साथ कन्वर्सेशन किया।

### बच्चों को सर्दी के लिये कपड़े वितरित

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा संस्था संरक्षक वीर डॉ. एसके भार्गव के सौजन्य से स्वर्गीय अंजना भार्गव एवं कुशान भार्गव की स्मृति में राजकीय प्राथमिक विद्यालय ढाणी व्यापारियान अफसाना जोहड के 40 जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कोट टोपी सहित वितरण किए गए। साथ ही स्नेक्स, बिस्किट, टोफिया वितरण की गई। बच्चों का गर्म कोट पहनकर खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, जोन चेयरमैन डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. एसके भार्गव, डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, निवर्तमान अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीसीएम श्यामसुंदर जालान, निवर्तमान जोन चेयरमैन जीसीएम नागरमल जांगिड, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुमार मूंड, राजेंद्रप्रसाद जोशी, देवेंद्र कुमार गौड, शिव प्रसाद महर्षि, प्रदीप कुमार शुक्ला, अशोक कुमार शर्मा, सीताराम सैनी, विद्यालय स्टाफ एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### मेधावी गिलु का राज्य स्तर पर चयन

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय गणपति नगर झुंझुनूं के मेधावी छात्र गिलु पुत्र विक्रम पोसवाल कक्षा 8 का जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल जेपी जानूं उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने बताया कि गिलु शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ सहशैक्षिक गतिविधियों में भाग लेता रहा है। प्रतिभावान विद्यार्थी का जिला स्तरीय विज्ञान मेले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया, शुभकरण खीचड़, निधि सिहाग ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। गिलु आगामी राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में झुंझुनूं का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर करेंगे। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ मंगलाराम जांगिड, सुभाष बिलखीवाल, सुशील कुमार फगेड़िया उपस्थित थे।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई

**नोहर,** (निसं)। यहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सोनू सारसूत के नेतृत्व में आज मटोरिया भवन में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम हुआ जिसमें आये हुए वक्ताओं ने बताया की महर्षि वाल्मीकि रामायण के रचयिता थे, उनकी जयंती पूरे भारतवर्ष में मनाई जा रही है और वाल्मीकि मोहल्ले के अंदर भी रात्रि को जागरण रखा गया है, ऐसे महान संत के बताए गए मार्ग पर चलकर जीवन कै सार्थक कर पुण्य की प्राप्ति की जा सकती है। इस अवसर पर पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष वसंत तिवाड़ी, पार्षद छोटू लाल सेवग, बलजीत मलिक, पूर्व मंडल महामंत्री मोहनलाल डाबी, ओम प्रकाश लालवानी,पार्षद संतलाल रेगर पूर्व मंडल उपाध्यक्ष राकेश हिसारिया, रतनलाल रेगर, मोर्चा अध्यक्ष संजय बागडी, सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**बीदासर** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशानुसार फरार अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सुजानगढ़ एएसपी दिनेश कुमार डीएसपी प्रहलाद राय के निर्देशन में थानाधिकारी मुकुट बिहारी मीणा ने टीम का गठन कर एक फरार वांरटी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मीणा के अनुसार वांरटी राजूराम पुत्र मोहन लाल कांजर निवासी सडू छोटी पुलिस थाना सांडवा जो काफी काफि समय से घर व निवास स्थान पर दबिश देने के बावजूद गिरफ्तार नही किया जा सका। गिरफ्तार हेतु परम्परागत तरिकों से आसूचना संकलन व साइबर सैल चूरू के सहयोग से बुधवार को गिरफ्तार किया है। वांरटी की गिरफ्तार में कांस्टेबल रामरतन, एचसी अविनाश, कांस्टेबल जयवीर, राजकुमार की विशेष भूमिका रही।

### फसलों के नुकसान का जायजा लिया

**बीदासर** (निसं)। क्षेत्र में बेमौसम की हुई बरसात से बीदासर पंचायत समिति प्रधान संतोष मेघवाल ने बुधवार को पंचायत क्षेत्र के गांव बालेरा, रूपेली, दूंकर व बीदासर ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर अतिवृष्टि से खेतों में हुए फसलों के नुकसान का जायजा लिया और अतिवृष्टि से हुए किसानो के नुकसान के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया। प्रधान मेघवाल के साथ बीदासर भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश सोनी, जिला प्रवक्ता अरूण तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास माली, मंडल महामंत्री ललित माली, पार्षद मांगीलाल प्रजापत, कमल माली, सुरेंद्र सुथार, श्रीकृष्ण तेजस्वी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता साथ थे।

# हर ग्राम पंचायत में बनेगा खेल मैदान : यू.डी.एच. मंत्री खर्रा

**सीकर,** (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने संपूर्ण राजस्थान की प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान आवंटित किए हैं। जिन ग्राम पंचायतों में अब तक खेल मैदान नहीं बने हैं, सरकार शीघ्र ही ऐसे ग्रामों में भी खेल मैदान निर्माण कार्य प्रारंभ करेगी। यूडीएच मंत्री खर्रा बुधवार को जिले के दांता में अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। उद्घाटन मैच केम्ब्रीज पीजी गर्ल्स कॉलेज कांवट ओर ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर के मध्य खेला गया जिसमें ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर ने 7 पोइंट से मैच जीता।



नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दांता में अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री खर्रा ने कहा कि खेल को सदैव खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा जीत और हार को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीत प्रेरणा देती है और हार हमें सीखने का अवसर प्रदान करती है।

यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि शहरी सेवाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ने पहले ही गाइडलाइन जारी कर दी है। यदि कोई अधिकारी विकास कार्यों में बाधा डालता है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित शहरी सेवा शिविरों का उद्देश्य कमजोर आर्थिक वर्ग के वास्तविक पात्र लोगों को लाभ पहुंचाना है, न कि धनाढ्य वर्ग को फायदा देना हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में नगरपालिकाओं में रिक्त चल रहे अधिशाषी अधिकारी पदों को लेकर बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित 111 अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 20 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद प्रत्येक नगरपालिका में नियमित अधिकारी पदस्थापित कर दिए जाएंगे।

यूडीएच मंत्री खर्रा ने बताया कि राज्य सरकार ने जर्जर भवनों के नवीनीकरण का निर्णय लिया है तथा जो भवन अत्यधिक खराब स्थिति में हैं, उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित करने की स्वीकृति दी गई है। अब प्रत्येक वर्ष सरकारी भवनों की सुरक्षा जांच कराई जाएगी। साथ ही सरकारी एवं निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी।

खंडेला विधायक सुभाष मील ने कहा कि आज का दौर कड़ी स्पर्धा का दौर है, खिलाडियों को जब भी मौका मिले खेल में अनुशासन के साथ अपना शत-प्रतिशत योगदान देते हुए निश्चित लक्ष्य लेकर आगे बढे जिससे सफलता आपके कदम चूमेगी। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक सुरेश शर्मा, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, राजेंद्र सिंह खाचरियावास, दांतारामगढ़ प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह शेखावत, दांतारामगढ़ एसडीएम मोनिका सामौर, तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत, पुलिस उपाधीक्षक कैलाश कंवर राठौड सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन पी डी कुमावत तथा पवन शर्मा ने किया।

### ब्रह्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया

**खिरोड़,** (निसं)। धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में चल रहे ब्रह्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रमुख उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के महंत स्वामी अश्विनी आचार्य ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम का प्रमुख उत्सव कल्याण उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान भगवान श्री वेंकटेश की खास चौक से श्री वेंकटेश बालाजी मंदिर में धूमधाम से बारात निकाली गई। इसके बाद लक्ष्मी-वेंकटेश व गोदा-रंगनाथ का पानी ग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान संत महात्माओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोहार्गल धाम के सूर्य मंदिर के महंत अवधेशाचार्य महाराज, महावीर जती महाराज, कोट बांध की साध्वी डॉ. योगश्री नाथ महाराज, राम प्रपन्नाचार्य महाराज, गोपालदास महाराज सहित विभिन्न संत महात्माओं का सम्मान किया गया।

## साक्षरता से लोकतंत्र सशक्त होगा : एडीएम

**सीकर** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने जिला स्तरीय साक्षरता एवं सतत् शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में कहा कि साक्षरता कार्यक्रम जन चेतनाका कार्यक्रम हैं।

साक्षरता को व्यावहारिक जीवन में जीना चाहिये। स्वयंसेवकों को चाहिये कि लर्नर्स को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित विषय साक्षर होना, पढना लिखना और संख्या ज्ञान जैसे बुनियादी आवश्यकता के साथ-2 लोकतंत्र में सहभागिता व सामाजिक चेतना, वृद्वजनों का मान-सम्मान व सामाजिक सरोकार बढायें। उन्होंने कहा कि डिजीटल एजूकेशन में बच्चों को गलत ऐप से बचाने व वृद्वजनों को साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रखने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करें।

कार्यक्रम संयोजक जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी डॉ. चन्द्र प्रकाश महर्षि ने बताया कि हमारे शिक्षार्थी कार्यकुशल, अनुभवी एवं शब्द भण्डार वाले है। उनका सम्मान करते हुए उन्हें गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिये।

उन्होंने कहा कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थय शिक्षा, मताधिकार प्रयोग जागरूकता, कानूनी जानकारी, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता एवं लोक जीवन की शिक्षा के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण एवं गरिमामय जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करता है।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रांरभिक सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि शिक्षार्थियों को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम से शिक्षित होने पर से मा.शिक्षा की परीक्षा से सहभागिता कर उच्च शिक्षा व व्यावसायिक शिक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिये।

राकेश कुमार लाटा एडीपीसी ने उद्बोधन में ईचवन-टीचवन के माध्यम से गाँव-गाँव गली-गली तक पहुंचकर साक्षरता की अलख जगाने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की।

कार्यशाला में दक्ष प्रशिक्षक रवि कुमार जोशी पिपराली व अभिषेक वर्मा दांतारामगढ़ ने उपस्थित समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया। मुकेश कुमार ने लर्नर्स के नामांकन, परिणाम व कार्यालय पद्धित पर प्रकाश डाला।

वित्तीय प्रावधानों की जानकारी दिनेश सैनी ने दी व महात्मा गांधी पुस्तकालय की उपयोगिता व रख-रखाव के बारे में बताया। राजेन्द्र महला व भारत सैन ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार जेमन, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा) सज्जन सिंह व समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, उनके प्रतिनिधि, बी.सी. तथा दक्ष प्रशिक्षक उपस्थित रहें।

# सांसद विधायक ने लाछड़सर में विकास कार्यों का उद्घाटन किया

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत लाछडसर में एक करोड़ 10 लाख रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन लोकसभा सांसद राहुल कस्वां, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, सरपंच धापू देवी के कर कमलो से उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ।

जिसमें सिटी पार्क ग्राम पंचायत की ओर से 50 लाख रुपए की लागत से, सार्वजनिक डिजिटल लाइब्रेरी 20 लाख रुपए की लागत से, सांसद कोटे से शहीद भगत सिंह स्टेडियम में कमरा हाल का निर्माण 10 लाख रुपए की लागत से, विधायक कोटे से शहीद भगत सिंह स्टेडियम में हाई मार्क्स लाइट एवं मेघवाल शमशान भूमि की चार दिवारी निर्माण 11 लाख रुपए की लागत से, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कमरा हॉल निर्माण पंचायत समिति की ओर से, स्वर्गीय लिछमादेवी रामेश्वर लाल सहू की स्मृति में 10 लाख रुपए की लागत से राजकीय चिकित्सालय में एंबुलेंस उपलब्ध करवाई आदि विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चूरू सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि युवा सरपंच ने ग्राम पंचायत में जो विकास कार्य करवाए हैं उनको आने वाली पीढियां हमेशा याद रखेगी।



ग्राम पंचायत लाछडसर में एक करोड़ 10 लाख रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन सांसद राहुल कस्वां, विधायक पूसाराम गोदारा, सरपंच धापू देवी के द्वारा किया गया।

सांसद ने कहा पंचायत में जो कार्य किए हैं इनको देखकर लगता है शायद कहीं बड़ी जगह के अंदर यह विकास कार्य हुए हैं उन्होंने कहा मेरे लायक जो भी कार्य होगा हमेशा तैयार रहूंगा। साथ ही सडक निर्माण को लेकर उन्होंने कहा मैंने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से व्यक्तिगत मुलाकात की है। साथ ही जिला कलेक्टर को भी अवगत करवा दिया गया है। इसके लिए पूरा प्रयास किया जाएगा एवं शानदार सड़क का निर्माण करवाया जाएगा।

इस अवसर पर रतनगढ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा युवा सरपंच धापू देवी के द्वारा जो ग्राम पंचायत में विकास कार्य करवाए गए हैं इसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। साथ ही मेरे द्वारा इस पंचायत में अपने विधायक कोटे की धनराशि से नवनिर्मित विकास कार्यों का उद्घाटन किया है। इस अवसर पर उन्होंने शहीद भगत सिंह स्टेडियम में एक बडी हाई मार्क्स के लाइट लगाने की और घोषणा की। इसके अलावा मेघवाल बस्ती में चारदीवारी निर्माण कार्य की घोषणा की। इसके अलावा एक पीने के पानी का ट्ययूबवेल लगाने की घोषणा की। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि गोपाल सहू, जगदीश सहू ने 5 साल के कार्यकाल के अंदर हुए विकास कार्यों के बारे में अवगत करवाया एवं बच्चों को खेलने के लिए शानदार स्टेडियम का निर्माण करवाया जो की राजस्थान में पंचायत क्षेत्र में बहुत ही शानदार स्टेडियम देखने को आपको मिल रहा है आने वाले समय में इसको और अच्छा लुक देने की पूरी कोशिश करेंगे। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों का साफा, प्रतीक चिन्ह, माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंद्राज खीचड, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगडवा, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सारिका चौधरी,भानी राम मेघवाल, मनफूल टांडी, जिला परिषद सदस्य मालीराम सारस्वत, उप सरपंच अंजू देवी राव, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी सहू, भगवान दास स्वामी, सुल्ताना राम राव, श्रवण सहू सहित सैकड़ों ग्राम वासी उपस्थित थे।

## बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शुभारंभ

**सीकर** (निसं)। श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शुभारंभ बुधवार को हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पिलानी के निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक पी.सी. पंचारिया रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक रतन जलधारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश जैमन, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक राकेश लाटा, संयुक्त निदेशक संपत सिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पिपराली दुर्गा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जयदेव सिंह राठौड़, सहायक निदेशक समसा राकेश गढवाल, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक सुरेंद्र सिंह शेखावत, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक सज्जन सिंह तथा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य वक्ता पी.सी. पंचारिया ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि विद्यालय शिक्षा में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शोध, प्रयोग और नवाचार की दिशा में मोडना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों में निहित कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित कर यदि उन्हें प्रयोगों के अवसर दिए जाएँ, तो वे भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारतीय वैज्ञानिक परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और आज आवश्यकता है कि प्राचीन विज्ञान के तथ्यों को आधुनिक अनुसंधान के माध्यम से पुनः स्थापित किया जाए।

विज्ञान भारती सीकर के जिला संयोजक मनोज कुमार पारीक एवं उनकी टीम ने पंचारिया का दुपट्टा और पुस्तक भेंट कर सम्मान किया। मेला प्रभारी रितु बाजिया ने जानकारी दी कि इस तीन दिवसीय विज्ञान मेले में कुल 375 बाल वैज्ञानिकों ने पंजीकरण कराया है। मेले में क्विज, मॉडल और सेमिनार प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनसे 18 प्रतिभागियों का चयन प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक जांगिड ने सभी अतिथियों को दुपट्टा और पुस्तक भेंट करते हुए उनका स्वागत कर कहा कि ऐसी प्रदर्शनियाँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं खोज की भावना को विकसित करती है।

## सार-समाचार

### नगर पालिका का घेराव किया

**नोहर,** (निसं)। नगर पालिका की ओर से अतिक्रमण के नाम पर कथित तौर पर गरीबों के आशियाने हटाने के विरोध में तथा रेहडी वालों को रोजगार के लिए जगह देने सहित चार सूत्री मांग पत्र को लेकर बुधवार को नगर पालिका का घेराव किया गया। इससे पूर्व आंदोलनकारी यहां भगवान महावीर पार्क में एकत्रित हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए सभी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीबों के आशियाने तोड़ रहा है यही नहीं, प्रशासन द्वारा हाथ रेडी चालकों को भी अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ा जा रहा है, जिसके चलते उनके समक्ष पिछले 15 दिनों से रोजगार का संकट आ खड़ा हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन जहां अतिक्रमण की बात कह रहा है वहां गरीब मजदूरों ने पैसे देकर प्लाट खरीदे हैं, जिनके नगर पालिका द्वारा पट्टे भी बनाए गए हैं। उन्होंने प्रशासन पर गरीबों को प्रताडित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिन्होंने प्लांट बेचे हैं उनके विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा वक्ताओं ने रेलवे स्टेशन व शिवाजी बस स्टैंड के आसपास रेहडी लगाने वाले मजदूरों का पक्ष रखते हुए कहा कि प्रशासन उन्हें भी सड़क चौड़ी करने के नाम पर हटा दिया गया है, जिसके चलते उन गरीबों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है। एक ओर जहां दीपावली त्यौहार की तैयारियां चल रही है वहीं दूसरी ओर इन मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है। वक्ताओं ने प्रशासन से रेहडी चालकों को यथा स्थान पर जगह आवंटित करने की मांग की। इस मौके पर महेश कौशिक, पार्षद कामरेड इरफान रावण, नियामत अली, आरिफ टाक आदि ने सभा को संबोधित किया। इसके बाद उपखंड अधिकारी राहुल श्रीवास्तव से इन मांगों पर वार्ता भी हुई जो कि सहमति न बनने के कारण बेनतीजा रही।

### प्रतियोगिता में छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नोहर,** (निसं)। यहां के श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता सत्र 2025-26 में श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोहर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय की निशा (53 किलोग्राम वर्ग) ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। जबकि मनीषा (50 किलोग्राम वर्ग) ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इसी क्रम में आयोजित महिला खो-खो प्रतियोगिता में भी महाविद्यालय की टीम ने उम्दा खेल भावना और टीमवर्क का परिचय देते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। महाविद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अमर सिंह मनपुरिया ने छात्राओं के इस प्रदर्शन को महाविद्यालय की खेल प्रतिभाओं के परिश्रम और समर्पण का परिणाम बताया और उन्हें आगे राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अमर सिंह मनपुरिया, डॉ. सबलानिया, डॉ. बलदेवा राम महर्षि,, डॉ. कृष्ण कांसोटिया, खेल प्रभारी सुरेश बामणिया, विक्रम सिंह नुईयां, सुनीता अरोड़ा, अनीश शक्रवाल, राजेश पारीक, राजेश चारण, किशन सैनी, सागर,अनिल,आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**नोहर,** (निसं)। कस्बे की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी राहुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने से पहले सभी कार्यकर्ता बिहाणी स्टेडियम में एकत्रित हुई और सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में उपखंड कार्यालय पहुंची। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी जायज मांगों का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो वे चरणबद्ध आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर होंगी। उन्होंने कहा कि वे वर्षों से बच्चों और माताओं के पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े संवेदनशील कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभा रही हैं, लेकिन सरकार उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं दे रही। ज्ञापन में कहा गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जनगणना, सर्वेक्षण, चुनाव, टीकाकरण जैसे सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, फिर भी उन्हें न्यूनतम मानदेय पर काम करना पड़ता है। बढ़ती महंगाई के इस दौर में यह मानदेय अत्यंत अपर्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने यह भी मांग की कि सेवा पूरी होने के बाद उन्हें पेंशन या आर्थिक सहायता जैसी सुविधाएं दी जाएं तथा नियमित कर्मचारी का दर्जा प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।इस अवसर पर ऊमा, माया, मोहिनी, रोशनी, सोना देवी, कृष्णा, लिछमा, प्रतिभा सहित अनेक आंगनबाडी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### बालीवॉल प्रतियोगिता 12 अक्टूबर को

**सीकर** (निसं)। जिला बालीवॉल संघ में जिला स्टेडियम एवं लांबा स्टेतडियम में 12 अक्टूबर को पुरूष/महिला की जिला स्तररीय एक दिवसीय बालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।संघ का अध्यक्ष ईश्वर सिंह एवं सचिव हुलास तिवाड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी मूल आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र एवं मार्कशीट की कॉपी साथ लेकर आये नहीं तो इनके अभाव में जिले की टीम में चयन नहीं होगा। प्रतियोगिता में अपनी टीम के भाग लेने की सूचना 11 अक्टूबर को साय काल तक जलदाय विभाग के मदन लाल शर्मा, खेल अधिकारी प्रकाश गोदारा, चन्दकीराम सामोता को खेल मैदान पर देनी होगी। प्रमाण पत्रों के अभाव में कोई भी खिलाड़ी भाग नहीं ले सकेगा। उपरोक्ती प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी चूरू में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे वे जिले की निवासी होना जरूरी है।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक -न.पा.रा./भू./2025/ दिनांक: 08/10/2025

**आपति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मन्जू पत्नि श्री मनोहर लाल जाति मेघवाल साकिन वार्ड नं.31 रावतसर जिला हनुमानगढ ने बैयनामा से प्राप्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 2167.50 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है। जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री गुरदयाल सिंह जाति जटसिख के नाम से साईज 2167.50 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्री बलजीत सिंह ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.08.2025 द्वारा श्रीमती मंजू पत्नि श्री मनोहरलाल को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त आवासीय आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी,
अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक -न.पा.रा./भू./2025/ दिनांक: 08/10/2025

**आपति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संतोष पत्नि श्री कुलदीप जाति अरोड़ा निवासी वार्ड नं.12 रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने बैयनामा से प्राप्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर सैक्टर इन्दिरा मार्केट भूखण्ड सं.05 साईज 10' गुणा 10' यानि 100 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है। जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री जयराम पुत्र श्री रूपाराम जाति मेघवाल के नाम से साईज 10' गुणा 10' फुट का जारीशुदा है। श्री जयराम ने उक्त भूखण्ड जरिये वपंजीकृत बैयनामा दिनांक 31.01.2011 द्वारा उक्त भूखण्ड श्रीमती संतोष पत्नि श्री कुलदीप को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी,
अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपरिषद, चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक : न.प./चूरू/ भूमि शाखा/2025-26/18038290 दिनांक : 28.09.2025

**सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपति आमन्त्रण-पत्र)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित आवेदकगण द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्यो की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपति निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपतियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदकगण के पक्ष में कर दिया जावेगा :-

| क्र. सं. | पत्रावली क्रमांक | नाम आवेदक/आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | खसरा नं. | प्लाट संख्या | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 4886 | श्रीमती संगीता पत्नी श्री विकास दनेवा | सैक्टर प्रथम घनश्याम विहार चूरू | 185.87 वर्गमीटर | 807 | भूखण्ड संख्या 228 | कृषि नियमन |
| 02 | 4887 | श्रीमती संगीता पत्नी श्री विकास दनेवा | सैक्टर प्रथम घनश्याम विहार चूरू | 185.87 वर्गमीटर | 807 | भूखण्ड संख्या 241 | कृषि नियमन |
| 03 | 4890 | श्री राधेश्याम पुत्र श्री मुमनाराम | भूतिया बास चूरू | 444.23 वर्गमीटर | 330 | – | कृषि नियमन |
| 4 | 4891 | श्री श्यामसुन्दर सैनी पुत्र श्री राधेश्याम सैनी | भूतिया बास चूरू | 443.92 वर्गमीटर | 330 | – | कृषि नियमन |
| 5 | 4898 | श्री सांवताराम पुत्र श्री शेराराम | भूतिया बास चूरू | 371.75 वर्गमीटर | 356,357 | – | कृषि नियमन |
| 6 | 4899 | श्री मनोज कुमार जांगिड़ पुत्र श्री लिखमाराम | सैक्टर प्रथम घनश्याम विहार पुनियां कॉलोनी चूरू | 185.87 वर्गमीटर | 818 | – | कृषि नियमन |
| 7 | 239660 | श्रीमती किरण कंवर पत्नी श्री उत्तम सिंह शेखावत | ओम कॉलोनी चूरू | 185.87 वर्गमीटर | 1041,1766/1040 | – | कृषि नियमन |
| 8 | 241637 | श्री बनवारीलाल जांगिड पुत्र श्री मुकनाराम जांगिड | सैक्टर प्रथम घनश्याम विहार, चूरू | 185.87 वर्गमीटर | 818 | – | कृषि नियमन |
| 9 | 250999 | श्रीमती शकुन्तला पत्नी श्री कमल सिंह | जैन कॉलोनी, चूरू | 325.27 वर्गमीटर | 1928/823 | भूखण्ड संख्या 29 ए | कृषि नियमन |
| 10 | 242867 | श्री हनुमान सिंह सहारण पुत्र श्री खीवाराम सहारण | ओम कॉलोनी, चूरू | 178.44 वर्गमीटर | 1033 | – | कृषि नियमन |
| 11 | 248844 | श्री हनुमान सिंह सहारण पुत्र श्री खीवाराम सहारण | ओम कॉलोनी, चूरू | 178.44 वर्गमीटर | 1033 | – | कृषि नियमन |
| 12 | 252655 | श्री नोरगलाल पुत्र श्री गणपतराम | भूतिया बास रोही चूरू | 371.74 वर्गमीटर | 356,357 | – | कृषि नियमन |
| 13 | 251112 | श्री भंवरलाल सैनी पुत्र श्री परतुराम | मनसा स्कूल एरिया के पास चूरू | 133.82 वर्गमीटर | 1362/823 | – | कृषि नियमन |
| 14 | 235610 | श्री पाबुदान सिंह पुत्र श्री गिरवर सिंह | सैक्टर -2 घनश्याम विहार चूरू | 185.87 वर्गमीटर | 818 | – | कृषि नियमन |
| 15 | 235635 | श्री पाबुदान सिंह पुत्र श्री गिरवर सिंह | सैक्टर -2 घनश्याम विहार चूरू | 185.87 वर्गमीटर | 818 | – | कृषि नियमन |
| 16 | 239688 | श्रीमती अन्नु कंवर राठौड पत्नी श्री बनेश सिंह शेखावत | भूतिया बास | 243.96 वर्गमीटर | 1810,1345/347 | – | कृषि नियमन |

राज.संवाद/सी/25/11614 आयुक्त